डीएम ने की कृषि टास्क फोर्स की बैठक

मुंगेर (आससे)। कृषि टास्क फोर्स की बैठक जिलाधिकारी निखिल धनराज निप्पाणीकर की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में यूरिया की उपलब्धता एवं कालाबाजारी, बाढ़ से हुई फसल क्षति का आकलन, बीज वितरण, कृषि उपकरणों पर अनुदान सहित कृषि विभाग से संबंधित विभिन्न बिंदुओं की समीक्षा की गई। मौके पर उप विकास आयुक्त अजीत कुमार सिंह, जिला कृषि पदाधिकारी सुष्मिता सहित संबंधित विभागों के पदाधिकारी एवं अन्य उपस्थित थे। जिलाधिकारी ने यूरिया की कालाबाजारी पर सख्ती से अंकुश लगाने का निर्देश देते हुए कहा कि किसानों को यूरिया के लिए परेशान करने अथवा निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर उर्वरक की बिक्री करने वाले व्यक्ति को चिन्हित कर उनके खिलाफ कार्रवाई करें।



बैठक में बाढ़ के कारण किसानों को हुई फसल क्षति की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को पात्र किसानों को ससमय फसल क्षति मुआवजा का भुगतान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

बैठक में रबि 2026-27 बीज वितरण के तहत चना, मटर और हरा मटर के बीज अधिप्राप्ति नहीं होने पर जिलाधिकारी ने तत्काल बीज प्राप्त कर किसानों के बीच वितरित करने के निर्देश दिए। साथ ही मसूर एवं सरसों के बीज वितरण में गति लाने के निर्देश दिए। फार्मर रजिस्ट्री की धीमी गति पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए उसमें वृद्धि के निर्देश दिए। कृषि यंत्रों पर अनुदान एवं अन्य कृषि योजनाओं की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि किसानों को कृषि संबंधित सभी योजनाओं का पारदर्शी एवं समयबद्ध लाभ उपलब्ध कराएं ताकि फसल उत्पादन में वो आगे बढ़ सकें। इसके अलावे अन्य बिंदुओं पर भी चर्चा हुई जिसमें आवश्यक निर्देश दिए गए।

नाबालिग किशोरी की अगवा मामला में प्राथमिकी दर्ज

हवेली खड़गपुर (आससे)। हवेली खड़गपुर थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग गांवों से दो नाबालिग किशोरी के गायब होने मामले में परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर किशोरी की बरामदगी के लिए सघन छानबीन शुरू कर दी है। मामले को लेकर पीड़िता की मां ने हवेली खड़गपुर थाना में आवेदन देकर बताया कि उनकी नाबालिग बेटी घर से हरि सिंह कॉलेज परीक्षा देने के लिए निकली थी, लेकिन देर शाम तक वापस घर नहीं लौटी। वहीं, दूसरे मामले में भी एक अन्य लड़की की मां ने थाना में आवेदन देकर बताया कि उनकी पुत्री घर से बाजार सामान लाने गई थी, लेकिन वह भी वापस नहीं लौटी। पीड़ित परिवारों ने अपनी बच्चियों की तलाश में अपने सभी रिश्तेदारों और जान-पहचान के लोगों के यहां पता किया, लेकिन उनका कहीं कोई सुराग नहीं मिला। थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि दोनों मामलों में परिजनों के आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

पुलिस ने छापेमारी कर अंग्रेजी दवाइयों के अवैध भंडारण का किया पर्दाफाश

भागलपुर(आससे)। बबरगंज थाना क्षेत्र के हुसैनाबाद मरकजी टोला में ड्रग विभाग की टीम और पुलिस ने संयुक्त रूप से बड़ी छापेमारी गुलाम मुस्तफा के घर पर की।



गुलाम मुस्तफा के घर से भारी मात्रा में अंग्रेजी दवाइयों के की जाने वाली खेप बरामद की। बरामद दवाओं में एंटीबायोटिक,गैस की दवाइयां समेत कई अन्य प्रकार की दवाएं शामिल हैं। बताया जा रहा है कि ड्रग विभाग को लगातार सूचना मिल रही थी कि उक्त स्थान पर अवैध रूप से अंग्रेजी दवाइयों का भंडारण किया जा रहा है और वहां से दवाओं की बिक्री भी की जा रही है। सूचना के आधार पर विभाग ने एक विशेष टीम गठित की और पुलिस की मदद से छापेमारी की। छापेमारी के दौरान भारी संख्या में दवाइयां बरामद की गईं। कार्रवाई की भनक लगते ही गुलाम मुस्तफा मौके से फरार हो गया।

बताया जा रहा है कि वह पहले भी इसी तरह के मामले में जेल जा चुका है। फिलहाल पुलिस ने सभी बरामद दवाइयों को जब्त कर थाने ले गई। पुलिस अब इस पूरे नेटवर्क की जांच कर रही है कि अवैध दवा कारोबार में कौन-कौन लोग शामिल हैं और इन दवाइयों की सप्लाई कहां की जाती थी। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

राजस्व संग्रहण की समीक्षा को लेकर डीएम ने की बैठक

मुंगेर (आससे)। आंतरिक संसाधनों से राजस्व संग्रहण की समीक्षा को लेकर जिलाधिकारी निखिल धनराज निप्पाणीकर की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा राजस्व संग्रहण की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप राजस्व वसूली सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। मौके पर अपर समाहर्ता सुमन कुमार साह, जिला



परिवहन पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार अलबेला सहित संबंधित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे। जिलाधिकारी ने नगर निकायों को निर्देश दिया कि विभिन्न करों की वसूली में तेजी लाते हुए निर्धारित लक्ष्य को समयबद्ध तरीके से पूरा करें। उन्होंने कहा कि राजस्व संग्रहण में किसी प्रकार की शिथिलता नहीं बरती जाए तथा संबंधित अधिकारी नियमित रूप से इसकी समीक्षा करें। कर वसूली से न सिर्फ नगर निकाय अपने लक्ष्य को पूरा करेगा बल्कि वार्षिक बजट में भी निश्चित रूप से इसका लाभ दिखेगा। माप-तौल विभाग की समीक्षा के क्रम में जिलाधिकारी ने बाजारों एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में उपयोग किए जा रहे बाटों का नियमित सत्यापन कराने का निर्देश दिया, ताकि माप-तौल में पारदर्शिता बनी रहे और उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा सुनिश्चित हो सके। वहीं, परिवहन विभाग की समीक्षा के दौरान भी उन्होंने जिला परिवहन पदाधिकारी को कई आवश्यक निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त सहकारिता एवं मत्स्य विभाग के कार्यों तथा राजस्व संग्रहण से संबंधित बिंदुओं की समीक्षा करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए आंतरिक संसाधनों से राजस्व संग्रहण में वृद्धि लाने तथा निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

एनडीआरएफ ने किया सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

बांका (आससे)। आपदा प्रबंधन के प्रति आमजन को जागरूक करने तथा आपातकालीन परिस्थितियों में बचाव एवं सुरक्षा के उपायों की जानकारी देने के उद्देश्य से जिले के विभिन्न प्रखंडों में राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) द्वारा सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आज अमरपुर एवं शंभूगंज प्रखंड परिसर में 9वीं बटालियन एनडीआरएफ, बिहटा, पटना की टीम द्वारा सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रकार की आपदाओं एवं आपातकालीन परिस्थितियों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।



कार्यक्रम में सिपिआर,(कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन), सड़क दुर्घटना के दौरान गोल्डन आवर में किए जाने वाले आवश्यक उपाय, प्राथमिक उपचार (फर्स्ट एड), रक्तस्राव नियंत्रण (ब्लीडिंग कंट्रोल) आदि विषयों पर जानकारी प्रदान की गई। इसके माध्यम से लोगों को आपातकालीन परिस्थितियों में तत्काल सहायता उपलब्ध कराने, घायलों की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा समय पर उचित कदम उठाने के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान घायल व्यक्तियों को प्राथमिक उपचार प्रदान करने की प्रक्रिया मॉक ड्रिल के माध्यम से समझाई गई। इसके अतिरिक्त, उपलब्ध घरेलू सामग्रियों से कृत्रिम स्ट्रेचर बनाने की विधि तथा घायल व्यक्तियों को स्ट्रेचर पर सुरक्षित रूप से लेटाकर नजदीकी अस्पताल तक पहुंचाने के संबंध में जानकारी दी गई। उपस्थित मेडिकल टीम द्वारा घायल व्यक्तियों को प्राथमिक चिकित्सा प्रदान करने की विधि के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया। साथ ही, मूर्छित व्यक्तियों को सिपिआर के माध्यम से हृदय पुनर्जीवन देने की प्रक्रिया की जानकारी दी गई, ताकि दुर्घटना एवं आपातकालीन परिस्थितियों में जान-माल की क्षति को न्यूनतम किया जा सके। सहायक आपदा प्रबंधन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि भारत सरकार के गृह मंत्रालय के अंतर्गत 9वीं बटालियन एनडीआरएफ, बिहटा, पटना द्वारा दिनांक 30 अक्टूबर 2026 से 04 नवंबर 2026 तक जिले के कुल 10 चयनित स्थलों पर सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने हेतु टीम की प्रतिनियुक्ति की गई है। उनके द्वारा बताया गया कि जिला पदाधिकारी के निर्देश पर जिले में कार्यक्रम के आयोजन हेतु अमरपुर, फुल्लीडुमर, बांका, बौंसी, धोरैया, शंभूगंज, रजौन, बाराहाट, कटोरिया एवं बेलहर प्रखंडों के विभिन्न कार्यालयों एवं संस्थानों का चयन किया गया है।

जिला प्रशासन द्वारा आपदा प्रबंधन के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने तथा निर्धारित अवधि में कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।

बीडीओ ने की आरसीडी रोड-अरार और ताड़र-सोनूडीह समेत कई सड़कों का निरीक्षण

सन्हौला/भागलपुर(आससे)। जिले के सन्हौला प्रखंड क्षेत्र की ग्रामीण सड़कों की स्थिति और निर्धारित मानकों के अनुपालन की जांच के लिए बुधवार को स्थलीय निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी के आदेश पर प्रखंड विकास पदाधिकारी कन्हैया कुमार ने ग्रामीण कार्य विभाग (आरडब्ल्यूडी) के अंतर्गत आने वाली विभिन्न सड़कों का जायजा लिया। निरीक्षण के बाद जांच प्रतिवेदन अग्रेतर कार्रवाई के लिए जिलाधिकारी को भेज दिया गया।



निरीक्षण के दौरान आरसीडी रोड-अरार,आरसीडी रोड-ताड़र-सोनूडीह समेत अन्य सड़कों की स्थिति का अवलोकन किया गया। इस दौरान सड़कों की वर्तमान स्थिति और गुणवत्ता के साथ साइनेज,दिशा-सूचक बोर्ड, सूचना पट्ट तथा अन्य निर्धारित मानकों से जुड़े बिंदुओं की जांच की गई। बीडीओ ने सड़क से संबंधित विभिन्न पहलुओं का निरीक्षण कर आवश्यक तथ्यों को संकलित किया। स्थलीय निरीक्षण के दौरान ग्रामीण कार्य विभाग (आरडब्ल्यूडी) के कनीय अभियंता भी मौजूद रहे। निरीक्षण पूरा होने के बाद बीडीओ ने जांच प्रतिवेदन जिलाधिकारी, भागलपुर को प्रेषित कर दिया। अब जांच प्रतिवेदन के निष्कर्षों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा सकती है। सड़कों की गुणवत्ता,रखरखाव और आवश्यक संकेतक बोर्डों की स्थिति का आकलन करने के लिहाज से यह निरीक्षण महत्वपूर्ण है। हालांकि,निरीक्षण के दौरान किसी सड़क पर अनियमितता या गुणवत्ता में कमी पाए जाने की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। जांच प्रतिवेदन में दर्ज निष्कर्षों की विस्तृत जानकारी सामने आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

पथ निर्माण मंत्री को पितृ शोक , सगे-संबंधी और शख्सियत हैं मर्माहत

पथ निर्माण मंत्री को पितृ शोक , सगे-संबंधी और शख्सियत हैं मर्माहत

अशोक-नीतेश पहुंचे तेलघि , मंत्री से मिलकर व्यक्त की संवेदना

जमुई (आससे)। बिहार सरकार के पथ निर्माण मंत्री ई.शैलेंद्र कुमार के पूज्य पिताजी और अवकाश प्राप्त सिविल सर्जन डॉ.के एन सिंह का निधन हो गया। भागलपुर जिले के खरीक प्रखंड अंतर्गत तेलघि गांव निवासी डॉ.सिंह ने अंतिम सांस अपने आवास पर ली। वे करीब 80 वर्ष के थे और इनदिनों अस्वस्थ चल रहे थे। वे अपने पीछे तीन पुत्र समेत भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उन्होंने अपने जीवन काल में हितकारी सेवा कर खूब नाम और यश अर्जित किया। उनके स्मृति शेष होने से पूरा इलाका स्तब्ध है।

अशोका पब्लिक स्कूल जमुई के चेयरमैन अशोक कुमार सिंह और जमुई के नामी संवेदक नीतेश कुमार तेलघि गांव जाकर मंत्री ई.शैलेंद्र कुमार से शिष्टाचार मुलाकात की और इस विपदा की घड़ी में उन्हें ढाढस बंधाते हुए दिवंगत डॉ.के एन सिंह को नमन किया। जमुई के दिग्गज द्वय ने



संवेदना प्रकट करते हुए डॉ.के एन सिंह को भावांजलि दी है। अशोका पब्लिक स्कूल जमुई के चेयरमैन अशोक कुमार सिंह ने दिवंगत डॉ.के एन सिंह के निधन को समाज समेत सम्पूर्ण बिहार के लिए अपूर्णीय क्षति बताया है। उन्होंने उन्हें मानवता का पर्याय बताते हुए कहा कि वे देव तुल्य थे। डॉ.सिंह ने अपने विलक्षण गुणों से समाज के परिदृश्य को बदलने में कारगर भूमिका निभाई। लोग जाति , धर्म और संप्रदाय से ऊपर उठकर उनका सम्मान करते थे। उनका निधन मेरे लिए निजी क्षति है। मैं उन्हें बारंबार प्रणाम करता हूं। नामी संवेदक नीतेश कुमार ने स्मृतिशेष डॉ. सिंह के निधन पर गहरा शोक प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि उनके निधन से समाज के एक युग का अंत हो गया है। ईश्वर के अवतार चिरनिद्रा में सो गए। उनका जाना पूरे समाज के लिए दुखदायी है। एक महान समाजसेवी , उदार हृदय वाला इंसान और दूरदर्शी मानव को हमने खो दिया। मैं उन्हें बारंबार चरण स्पर्श करता हूं। उधर पथ निर्माण मंत्री ने जमुई से चलकर आए शिक्षाविद और संवेदक के प्रति विनम्र भाव से स्नेह जताते हुए उनके संवेदना संदेश को आत्मसात किया।

बिहार प्रदेश युवा कांग्रेस के महासचिव मनोनीत

बिहारशरीफ। कांग्रेस संगठन को मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से युवा कांग्रेस कमेटी में महत्वपूर्ण नियुक्तियां की गई हैं। नालंदा जिला युवा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष विवेकानंद पासवान को बिहार प्रदेश युवा कांग्रेस कमेटी का प्रदेश महासचिव नियुक्त किया गया है।

इसके साथ ही विद्यानंद कुमार उर्फ पिंटू को बिहार शरीफ जिला युवा अध्यक्ष और शेरोमणि यादव उर्फ चंदन यादव को नालंदा जिला युवा अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इन तीनों नेताओं के मनोनयन से नालंदा जिला कांग्रेस कमेटी में हर्ष का माहौल है।

इनकी नियुक्ति पर मोहम्मद महताब आलम चिश्ती, जमाल अहमद, मुन्ना सिंह, बिट्टू यादव, डॉ. अवधेश प्रसाद, जावेद वेस्टीज, संजय महाराज, इंजीनियर टीपू, अनुग्रह प्रसाद, मुकेश कुशवाहा, मोनू यादव, इमरान खान, रवि कुमार, रहमान बनौलिया, आसिफ खान, मोहम्मद शाहिद और अनिल सिंह सहित अनेक कांग्रेसजनों ने बधाई दी है।

राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर परिवहन विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित

बांका (आससे)। आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत, 12 दिसंबर 2026 के सफल आयोजन एवं अधिकाधिक मामलों के निष्पादन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आज जिला विधिक सेवा प्राधिकार, बांका की सचिव सपना रानी द्वारा जिला परिवहन पदाधिकारी (डीटीओ) अनु कुमारी, ट्रैफिक डीएसपी नीरज कुमार एवं मोटर वाहन निरीक्षक (एमभीआई) के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में यातायात एवं परिवहन से संबंधित मामलों के निष्पादन, लंबित ट्रैफिक चालान के निपटारे तथा आम नागरिकों को लोक अदालत के माध्यम से मामलों का आपसी सहमति के आधार पर समाधान कराने हेतु जागरूक करने पर चर्चा की गई। बैठक में यह भी बताया गया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में पात्र ट्रैफिक चालान



मामलों के निपटारे में 50 प्रतिशत तक की छूट का लाभ दिया जाएगा, जिससे वाहन चालकों को अपने लंबित चालान का निपटारा कराने में सुविधा होगी।

संबंधित अधिकारियों को अधिकाधिक योग्य मामलों को चिन्हित करने तथा आम नागरिकों को इस सुविधा की जानकारी देने हेतु निर्देशित किया गया। डालसा सचिव सपना रानी द्वारा संबंधित अधिकारियों को राष्ट्रीय लोक अदालत के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं अधिकाधिक मामलों के निष्पादन हेतु आवश्यक समन्वय स्थापित करने का निर्देश दिया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकार, बांका द्वारा आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने एवं आम नागरिकों को सुलभ, त्वरित एवं सौहार्दपूर्ण न्याय उपलब्ध कराने हेतु निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

थरथरी बीईओ ने विद्यालयों का किया निरीक्षण

थरथरी (नालंदा) (संसू)। प्रखंड में शिक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने के उद्देश्य से थरथरी वीईओ राकेश कुमार ने मंगलवार को प्रखंड क्षेत्र के चार विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने उच्च माध्यमिक विद्यालय कचहरिया, मध्य विद्यालय कचहरिया, प्राथमिक विद्यालय जैतपुर और प्राथमिक विद्यालय हांसेपुर का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान बीईओ ने छात्र-छात्राओं और शिक्षकों की उपस्थिति पंजी, पाठ योजना, रोकड़ बही तथा मध्याह्न भोजन (एमडीएम) पंजी की जांच की। उन्होंने विभिन्न वर्ग कक्षों में जाकर शिक्षण कार्य का अवलोकन किया। इस दौरान छात्र-छात्राओं से पढ़ाई को लेकर फीडबैक भी लिया और शिक्षण की स्थिति की जानक. ारी प्राप्त की। उन्होंने विद्यालयों में बच्चों को प्रतिदिन पढ़ाने के लिए एफएलएन किट के उपयोग की स्थिति का जायजा लिया। इसके अलावा संगीत शिक्षा के लिए उपलब्ध ढोलक, हारमोनियम, तबला सहित अन्य टूल्स का भी निरीक्षण किया। बीईओ ने शिक्षकों को एफएलएन किट का नियमित उपयोग सुनिश्चित करने तथा बच्चों को गतिविधि आधारित शिक्षा देने का निर्देश दिया। जांच के क्रम में सभी आवश्यक पंजियों को नियमित रूप से संधारित और अद्यतन रखने को कहा। साथ ही पाठ योजना के अनुसार पढ़ाई कराने और विद्यालय की शैक्षणिक एवं प्रशासनिक व्यवस्था को व्यवस्थित रखने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पठन-पाठन और अभिलेखों के संधारण में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

चाकूबाजी मामले का आरोपी गिरफ्तार

राजगीर (नालंदा) (आससे)। स्थानीय थाना क्षेत्र के ब्लॉक मोड़ के पास एक युवक को चाकू से घायल करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष अभिजीत कुमार ने बताया कि पिछले सोमवार के दिन ब्लाक मोड़ के पास नई पोखर निवासी शत्रुघ्न सिंह के पुत्र नंदलाल कुमार सिंह तथा उनके फुफेरे भाई रौशन कुमार के साथ विवाद हो गया था। जिसमें रौशन कुमार ने चाकू से नंदलाल पर हमला कर उसे घायल कर दिया। जिसमें नंदलाल के बाएं कान के नीचे का हिस्सा और दोनों हाथ बुरी तरह से जख्मी हो गया। उन्होंने बताया कि पीड़ित नंदलाल द्वारा दर्ज प्राथमिकी पर फौरी तौर पर कार्रवाई की गई। और अपराध करने वाले रौशन कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

विक्रमशिला सेतु के पुनर्स्थापन कार्य में तकनीकी जटिलताओं से हो रही देरी

मरम्मत का काम 14 जनवरी तक पूरा होना अब मुश्किल!

भागलपुर(आससे)। उत्तर और दक्षिण बिहार को जोड़ने वाले लाइफलाइन कहे जाने वाले विक्रमशिला सेतु का पुनर्स्थापन (रिहैबिलिटेशन) कार्य तकनीकी जटिलताओं और अनिवार्य इंजीनियरिंग मानकों के कारण समय लेता नजर आ रहा है। मरम्मत का कार्य शुरू हुए एक माह से ज्यादा का समय बीत चुका है, लेकिन अब तक चार में से केवल दो क्षतिग्रस्त हिस्सों में ही एक-एक स्टील गर्डर लांच किया जा सका है। निर्धारित योजना के अनुसार सभी चारों हिस्सों में दो-दो स्टील गर्डर लांच किए जाने हैं। कार्यस्थल पर मौजूद तकनीकी कर्मियों के अनुसार,शेष दो हिस्सों में स्टील गर्डर लांच करने के लिए पुराने क्षतिग्रस्त कंक्रीट बीम की कटिंग का कार्य तेजी से चल रहा है। बीम कटिंग के इस बेहद संवेदनशील काम को पूरा होने में अभी कम से कम दो दिन का समय और लग सकता है। बीम को काटकर सुरक्षित रूप से हटाने के बाद



वहां नई बेयरिंग सेट की जाएगी, जिस पर भारी-भरकम स्टील गर्डर को लांच किया जाएगा। इंजीनियरिंग दल के अनुसार,सभी चिन्हित स्थानों पर दो-दो स्टील गर्डर की लांचिंग प्रक्रिया पूरी करने में करीब 15 दिन का समय लगने का अनुमान है। जब तक चारों क्षतिग्रस्त हिस्सों में गर्डर पूरी तरह से स्थापित नहीं हो जाते,तब तक ऊपर स्लैबों की ढलाई का काम शुरू नहीं हो सकता। स्लैब ढलाई से पहले बेस के रूप में लोहे का चदरा (शटरिंग शीट) डाला जाएगा और फिर उस पर तकनीकी मानकों के अनुसार लोहे की जाल (रीइन्फोर्समेंट) बांधी जाएगी। इस पूरी तैयारी और ढलाई की प्रक्रिया में एक माह से अधिक का समय लगना तय माना जा रहा है। इंजीनियरिंग मानकों के मुताबिक कंक्रीट स्लैब की ढलाई पूरी होने के 28 दिनों के बाद ही सेंट्रिंग को खोला जा सकता है, ताकि कंक्रीट अपनी अधिकतम क्षमता (स्ट्रेंथ) हासिल कर सके। इसके उपरांत लांच किए गए स्टील गर्डर के सुदृढ़ीकरण का कार्य कराया जाएगा। सबसे अंत में पूरे ढांचे की मजबूती, कंपन और भार वहन क्षमता (स्टेबिलिटी व लोड टेस्टिंग) की गहन तकनीकी जांच की जाएगी। इन सभी अनिवार्य तकनीकी चरणों और आवश्यक समयावधि को देखते हुए यह स्पष्ट है कि अगले साल 14 जनवरी तक विक्रमशिला सेतु के पुनर्स्थापन का कार्य पूरी तरह संपन्न होने की उम्मीद बहुत कम है। ऐसे में सेतु पर सामान्य यातायात पूरी तरह बहाल होने के लिए आम जनता और वाहन चालकों को अभी और इंतजार करना पड़ सकता है।

फर्जी वंशावली के जरिये जमीन हड़पने का आरोप

किसानों ने बंदोबस्त कार्यालय में किया प्रदर्शन

शेखपुरा (आससे)। जिले के वृन्दावन मौजा में जमीन सर्वे के दौरान कथित फर्जी वंशावली के आधार पर किसानों की रैयती जमीन पर दावा किए जाने का मामला सामने आया है। इसके विरोध में सोमवार को दर्जनों किसानों ने बंदोबस्त कार्यालय पहुंचकर विरोध जताया और बंदोबस्त पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। किसानों ने कथित फर्जी वंशावली के आधार पर दर्ज आपत्तियों को खारिज करने तथा उनकी जमीन का खाता पूर्ववत रखने की मांग की। विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व भाकपा-माले नेता कमलेश प्रसाद ने किया। उन्होंने आरोप लगाया कि उत्तम कुमार, अनुज राय, किशोरी चौहान, जितेंद्र चौहान और उनके सहयोगियों ने साजिश के तहत फर्जी वंशावली तैयार की है। इसके आधार पर वृन्दावन, माहौत, लक्ष्मीपुर, रंका, तेजाबीघा और धर्मपुर के सैकड़ों किसानों के खिलाफ प्रपत्र-21 भरकर बंदोबस्त कार्यालय में आपत्ति दर्ज कराई गई है।

कमलेश प्रसाद ने कहा कि जमीन सर्वे शुरू होने के बाद से ही किसानों को लगातार परेशान किया जा रहा है। कथित फर्जी वंशावली के आधार पर कई किसानों की रैयती जमीन की रजिस्ट्री कराए जाने का भी आरोप लगाया गया है।

जबकि प्रभावित किसान पीढ़ियों से अपनी जमीन पर खेती-बाड़ी करते आ रहे हैं।इस दौरान नरेश मिस्त्री, शंकर राम, अंबिका राम, संजय शर्मा, शुभांश मिस्त्री, अमरजीत महतो, सतीश शर्मा, मुन्ना चौहान, इन्द्रदेव मिस्त्री और मनोज महतो सहित दर्जनों किसान मौजूद थे।